# बनारस-पुणे अमृत भारत ट्रेन का खंडवा में किया भव्य स्वागत

▸ ट्रेन के प्रथम आगमन पर मंत्री, महापौर, विधायक ने स्वागत कर दिखाई हरी झंडी




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 अप्रैल को बनारस पुणे अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रथम बार खंडवा स्टेशन पर पहुंची एक्सप्रेस ट्रेन का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यह ट्रेन खंडवा स्टेशन पर बुधवार दोपहर 1 बजे खंडवा पहुंची जिसका कैबिनेट मंत्री विजय शाह , जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक छाया मोरै, नारायण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे ने स्वागत किया।

इस अवसर पर इस ट्रेन के ड्राइवर व स्टाफ का स्वागत अभिनंदन अतिथियों द्वारा मिठाई खिलाकर किया गया। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के पूर्व स्टेशन पर स्वागत अभिनंदन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी हुई एवं सभी अतिथियों द्वारा उद्बोधन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया गया।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने इस मौके पर मोबाइल से संबोधित कर शहर वासियों को इस एक्सप्रेस ट्रेन की बधाई दी और प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि ट्रेन संख्या 02531 बनारस पुणे उद्घघाटन ट्रेन का खंडवा आगमन पर शहरवासियों ने स्वागत कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साहवर्धन किया। खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर द्वारा लगातार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर खंडवा बुरहानपुर संसदीय क्षेत्र के स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने के लिए मांग रखी जाती रही है। पुणे के लिए और अधिक ट्रेनें मिले इसको लेकर लगातार पत्र भेजे जाते रहे हैं। इसी मांग पर रेल मंत्री ने सकारात्मक दृष्टिकोण रख खंडवा स्टेशन पर स्टॉपेज शामिल किया है। बनारस पुणे अमृत भारत उद्घघाटन ट्रेन के खंडवा आगमन पर भुसावल मंडल द्वारा कार्यक्रम किया। इसमें स्कूली बच्चों द्वारा देश प्रेम पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य,गायन कर यात्रियों का मन मोह लिया। प्रधानमंत्री रेल मंत्री और सांसद के प्रयासों से हमें बनारस से पुणे के लिए अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात प्राप्त हुई है, मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। मंत्री श्री शाह ने कहा कि यह एक्सप्रेस भारतीय रेलवे की एक नई आधुनिक किफायती पुश फुल तकनीक वाली ट्रेन है, जो आम यात्रियों को कम किराए में लंबी दूरी की आरामदायक यात्रा प्रदान करेगी, इसमें वंदे मातरम जैसी सुविधा सुंदर कोच मोबाइल चार्जिंग पॉइंट के साथ अन्य सुविधा उपलब्ध है। महापौर और विधायकों ने भी अपने संबोधन में इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, और सांसद का आभार माना। आयोजित कार्यक्रम में म.प्र. के कैबिनेट मंत्री विजय शाह, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ,मांधाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे,महापौर अमृता यादव, जेडआरयूसीसी सदस्य मनोज सोनी, सुनील जैन, सुभाष कोठारी, हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल, धर्मेंद्र बजाज, चारुलता यादव, इंदु दुबे, चंद्रेश पचौरी, राजेश यादव, अनिल वर्मा, विक्की भांवरे, गणेश गुरबाणी, सुधांशु जैन, भारत पटेल, मंगलेश तोमर, अनिल भगत, दिलीप दशोरे सहित रेल विभाग से सीनियर डीएफएम अर्पित गुडाडे , सीनियर डीईएन डी एस द्विवेदी, एडीईएन हरिओम मीणा , आरपीएफ टी आई संजीव कुमार और अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार दे रही लोगों को नई सुविधाएं

मंत्री विजय शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के साथ हम आधुनिक भारत की ओर लगातार बढ़ रहे हैं, कई प्रकार की सुविधा हमें प्राप्त हो रही है, जो कांग्रेस काल में हमें प्राप्त नहीं हो सकी। मंत्री शाह ने कहा कि आप सबको विदित है कि कांग्रेस कार्यकाल में रेलवे स्टेशन की क्या हालत थी, ट्रेनों की क्या स्थिति थी लेकिन आज मोदी जी के राज में देश के सभी स्टेशन आधुनिक तकनीक की ओर आगे बढ़ रहे हैं, साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए कई नई ट्रेन लगातार देश में चल रही है।

# नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर ओंकारेश्वर पहुंचेंगे ब्रह्मचारी अवधेशानंद महाराज

▸ आध्यात्मिक यात्रा में सम्मिलित अन्य पूज्य संतजन भी मौजूद

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर। मां नर्मदा की पावन पैदल परिक्रमा पूर्ण कर राजस्थान के सूरजकुंड वाले पूज्य ब्रह्मचारी अवधेशानंद जी महाराज गुरुवार को नरसिंह चतुर्दशी के अवसर पर ओंकारेश्वर पहुंचेंगे। उनके साथ इस आध्यात्मिक यात्रा में सम्मिलित अन्य पूज्य संतजन भी मौजूद रहेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण निर्मित होगा।**

**महाराज का नगर में भव्य स्वागत किया जाएगा। यात्रा का प्रमुख पड़ाव नगर के प्राचीन श्री नरसिंह टेकरी आश्रम में रहेगा, जहां श्रद्धालुओं के दर्शन-आशीर्वाद के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही हैं।**

आश्रम परिसर में भक्तों की बड़ी संख्या जुटने की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं ।परिक्रमा यात्रा का विधिवत समापन वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां नर्मदा के तट पर संकल्प पूर्ति के साथ किया जाएगा।

इस अवसर पर महाराज श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं ममलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। साथ ही वे ओंकार पर्वत की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और साधना का संदेश देंगे ।वैशाख पूर्णिमा के दिन महाराज जी द्वारा विधि-विधान से मां नर्मदा पूजन, कन्या पूजन एवं साधु-संत सेवा जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे।



इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है ।उल्लेखनीय है कि पूज्य महाराज जी का नर्मदा तट से गहरा आध्यात्मिक संबंध रहा है।

इससे पूर्व उन्होंने नर्मदा किनारे स्थित ग्राम बिल्लौरा में भव्य चातुर्मास का आयोजन किया था, जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठानों का पुण्य लाभ अर्जित किया था। उनके प्रवचनों और साधना से क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का व्यापक प्रसार हुआ था ।महाराज जी के इस आगमन को लेकर ओंकारेश्वर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और इसे एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन के रूप में देखा जा रहा है।

# फर्जी पंजीयन पर श्रम विभाग सख्त, होगी वैधानिक कार्रवाई

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। मध्यप्रदेश के श्रम विभाग ने दुकान एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958 के तहत पंजीयन प्रक्रिया में अनियमितता बरतने वालों पर कड़ा रुख अपनाया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि गलत जानकारी या फर्जी दस्तावेज देकर पंजीयन कराने वाले संस्थानों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।**

जिला श्रम पदाधिकारी अनिल मलगया के अनुसार, श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से दी गई सरल पंजीयन सुविधा का कुछ आवेदकों द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। कई मामलों में बैंक ऋण और अन्य शासकीय लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की गई है ।अब विभाग द्वारा प्रत्येक आवेदन का समग्र आईडी के माध्यम से अनिवार्य सत्यापन किया जा रहा है।

ऐसे आवेदकों को एक अवसर दिया गया है कि वे स्वेच्छा से अपने गलत पंजीयन को निरस्त कर दें, अन्यथा जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विभाग ने श्रम सुरक्षा नियमों को भी सख्त करते हुए निर्देश जारी किए हैं कि 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों के लिए ईएसआईसी पंजीयन अनिवार्य होगा, जबकि 20 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों को ईएसआईसी के साथ ईपीएफओ पंजीयन नंबर भी दर्ज करना होगा।

श्रम विभाग का उद्देश्य पंजीयन प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है, ताकि श्रमिकों के अधिकारों और हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## विवादों की पार्किंग पर ताला तत्काल बंद के आदेश

**खंडवा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर के गांधी भवन परिसर में संचालित वाहन पार्किंग को तत्काल प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने निर्देश दिए हैं कि परिसर को तुरंत खाली कराया जाए और 1 मई से यहां किसी भी प्रकार की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। बताया गया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि गांधी भवन परिसर में संचालित पार्किंग में नागरिकों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। हाल ही में 26 अप्रैल को एक अधिवक्ता के साथ कथित रूप से पार्किंग संचालक द्वारा मारपीट की गई, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस मामले में थाना सिटी कोतवाली में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने निर्देश में स्पष्ट किया कि इस तरह की घटनाओं से पार्टी की छवि धूमिल हो रही है और आम नागरिकों में भय व आक्रोश का माहौल बन रहा है।

## आंगनवाड़ी सहायिका को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा ।** जिले के मूंदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक आंगनवाड़ी सहायिका के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत 32 वर्षीय आंगनवाड़ी सहायिका ने अपने ही एक 22 वर्षीय दूर के रिश्तेदार पर बंधक बनाकर बलात्कार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात 24 अप्रैल की रात करीब की बताई जा रही है। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि आरोपी शिवकुमार ने उसे घर में बंधक बना लिया था और उसके साथ जबरदस्ती की। इस दौरान जब महिला ने विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के चार दिन बाद हिम्मत 28 अप्रैल को पुलिस चौकी पहुंचकर आप बीती सुनाई। महिला एसआई द्वारा पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने तत्काल विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की और बुधवार सुबह उसे धरदबोचा।

जांच के दौरान मामले में एक नया मोड़ भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपी शिवकुमार उम्र में महिला से करीब 10 साल छोटा है और दोनों के बीच पूर्व में जान-पहचान थी। चर्चा यह भी है कि उनके बीच कथित अफेयर को लेकर महिला के परिवार में पहले भी विवाद की स्थिति बनी थी, जिसकी भनक उसके पति को लग गई थी। पुलिस अब इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। आरोपी शिवकुमार फिलहाल पुलिस की गिरफ्त में है और उसे बुधवार दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया।

## पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए जांच दल गठित

**खंडवा।** जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने विशेष जांच दल का गठन किया है। यह दल विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों की जन्मतिथि मान्यता से जुड़े प्रस्तावों की जांच करेगा ।गठित दल में जिला पेंशन अधिकारी सुश्री पुष्पा भिड़े तथा कलेक्ट्रेट की वित्त शाखा के सहायक ग्रेड-2 सुनील जैन को शामिल किया गया है। यह टीम जिला पेंशन कार्यालय, खंडवा में उपलब्ध सेवा अभिलेखों के आधार पर प्रकरणों की जांच करेगी। जांच उपरांत दल अपने अभिमत सहित संबंधित प्रकरण कलेक्टर को प्रस्तुत करेगा।

दैनिक नवभारत

राजू पटेल (ब्यूरो चीफ) मो. 99771 03477
अमित राठौर (सिटी चीफ, मार्केटिंग हेड) मो. 934001773, 9009346535

छनेरा में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

पुनासा में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
शुभम सोनी (संवाददाता) मो. 99077 23585

छैगांवमाखन में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
लाड़ न्यूज एजेंसी, छैगांवमाखन
रंजना अमित लाड़ (संवाददाता) मो. 7828819062

पंधाना में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
जय न्यूज़ एजेंसी, पंधाना
किशोर सपकाल (संवाददाता) मो. 8305187155

किल्लौद में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
अपना न्यूज़ एजेंसी, किल्लौद
सौरभ राठौर (संवाददाता) मो. 7828628002

मूंदी में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
चरक न्यूज एजेंसी, मूंदी
डॉ. रिजवान कुरैशी (संवाददाता) मो. 9826545003

बीड़ में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
पूर्वी न्यूज एजेंसी, बीड़
राजेन्द्र सोनी (प्रतिनिधि) मो.9424710031,9617086499

राई में नवभारत समाचार पत्र प्राप्त करने विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
श्री दादाजी न्यूज़ एजेंसी, राई
राम कसेरा (संवाददाता) मो. 9340594203

# किसी भी समय, कहीं भी उतर सकता है मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** प्रदेश में गेहूं उपार्जन व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आने वाले दिनों में उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। वे किसी भी समय हेलीकॉप्टर से पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और किसानों से सीधे संवाद कर जमीनी हकीकत समझेंगे।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री यह सुनिश्चित करेंगे कि शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं किसानों को समय पर और व्यवस्थित रूप से मिल रही हैं या नहीं ।उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

किसानों को जिले के किसी भी केन्द्र पर अपनी उपज बेचने की सुविधा दी गई है, जिससे अनावश्यक इंतजार की स्थिति न बने। तौल व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए केन्द्रों पर तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है, साथ ही आवश्यकता अनुसार इसे और बढ़ाने के अधिकार जिलों को दिए गए हैं।

### मापदंडों में राहत से किसानों को बड़ी सुविधा

गेहूं के एफएक्यू मापदंडों में शिथिलता देते हुए चमक विहीन गेहूं की सीमा 50 प्रतिशत, सूकड़े दानों की सीमा 10 प्रतिशत और क्षतिग्रस्त दानों की सीमा 6 प्रतिशत तक कर दी गई है। उपार्जन केन्द्रों पर बारदाना, हम्माल, सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण तथा साफ-सफाई के संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे तौल प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके ।उपार्जन क्षमता बढ़ाकर प्रति केन्द्र 2250 क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई है, जिसे जिला स्तर पर 3000 क्विंटल तक बढ़ाया जा सकता है। किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ 40 रुपये बोनस जोड़कर कुल 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है ।किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग और खरीदी जारी रहेगी। साथ ही, योजनाओं की जानकारी के लिए जनसंपर्क विभाग के पोस्टर और बैनर उपार्जन केन्द्रों पर लगाए गए हैं।

# बाबा महादेव मंदिर में जरूरतमंदों को मटके बांटे

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** इंदौर रोड स्थित ओम श्रीपद्मेश्वर महादेव मंदिर आस्था के साथ-साथ सामाजिक सेवा का भी प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। मंदिर समिति द्वारा वर्षभर विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन कर सभी वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है।

**गर्मी में राहत मटके दान की परंपरा निभाई**-वैशाख एकादशी के अवसर पर मंदिर में मटके दान की प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया गया। भक्तों ने श्रद्धा से नए मटके दान किए, जिन्हें जरूरतमंदों में वितरित किया गया। बढ़ती गर्मी और महंगे होते मटकों के बीच यह पहल आमजन के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। मंदिर समिति द्वारा लगातार पांचवें वर्ष यह सेवा कार्य किया जा रहा है।

**पक्षियों के लिए भी संवेदनशील पहल**-भीषण गर्मी को देखते हुए परिंदों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था भी की जा रही है। भक्तों को अपने घरों की छतों और बगीचों में मिट्टी के सकोरे रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंदिर प्रबंधन पिछले 11 वर्षों से यह अभियान चला रहा है। इस बार मोहिनी एकादशी से प्रदोष तक तीन दिनों में मटके और सकोरे वितरित किए गए। सेवादार मनोहर शामनानी के अनुसार, यह प्रयास गर्मी से प्रभावित जीव-जंतुओं और जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचा रहा है।



**मेधावी छात्रों को मिलेगा सम्मान**-शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसमें 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। आगामी आयोजन के लिए अंकसूची और फोटो संग्रह का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकारों को जोड़ते हुए ओम श्रीपद्मेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में सेवा और प्रेरणा का केंद्र बनता जा रहा है।

# दुनिया में सनातन संस्कृति ही श्रेष्ठ: तिवारी



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत सभागृह, खंडवा में जिला स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संतोष तिवारी, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल माथनी खुर्द ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिगुरु शंकराचार्य ने सनातन धर्म को एक सूत्र में बांधने के लिए चार पीठों की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि ईश्वर एक है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में क्रमश: परिवार, समाज, देश और विश्व के कल्याण के लिए कार्य करना ही सच्चा धर्म है। साथ ही खंडवा जिले को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम का विकास हो रहा है, जो आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेंद्र जोशी ने कहा कि जन अभियान परिषद महापुरुषों की जयंती मनाकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। जिला समन्वयक जगदीश पटेल ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' सहित परिषद की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। विकासखंड समन्वयक मोहन जाट, ललित पंवार, राम पंवार, हेमराज पटेल, मेंटर राहुल राठवे, आशीष पटेल, राहुल यादव, प्रभु मसानी, अजय भलराय, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नारायण फरकले, धीरज पंचारे सहित समाजकार्य के छात्र और अन्य लोग मौजूद रहे।

एक नजर ▸ अघोषित बिजली कटौती और बार-बार होने वाले लाइन फॉल्ट

# बार-बार बिजली गुल होने से इंदौर नाका क्षेत्र में आक्रोश

▸ घरों और दुकानों के उपकरण हो रहे खराब

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा। शहर के इंदौर नाका पवन चौक क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती और बार-बार होने वाले लाइन फॉल्ट ने स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थिति यह हो गई है कि हर दूसरे-तीसरे दिन होने वाली इस तकनीकी खराबी के कारण क्षेत्र के मध्यम वर्गीय परिवारों और मजदूरों के घरों में लगे टीवी, पंखे और अन्य कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आए दिन जल रहे हैं। इस गंभीर समस्या से आक्रोशित होकर क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता को एक शिकायती पत्र सौंपकर अपनी व्यथा सुनाई है।**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में मजदूर वर्ग रहता है जिनकी दैनिक आय मात्र 400 रुपये के आसपास है, जबकि एक बार पंखा सुधरवाने में ही 300 रुपये खर्च हो जाते हैं। ऐसे में बार-बार बिजली की खराबी के कारण होने वाला यह आर्थिक नुकसान गरीब जनता की कमर तोड़ रहा है। एक स्थानीय दुकानदार ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि बार-बार वोल्टेज के उतार-चढ़ाव और फॉल्ट के कारण उनकी ऑनलाइन दुकान का पूरा कंप्यूटर सिस्टम और प्रिंटर तीसरी बार खराब हो चुका है, जिससे उनका रोजगार पूरी तरह ठप होने की कगार पर है। शिकायती पत्र में विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं।




निवासियों का आरोप है कि जब भी 181 या अन्य माध्यमों से शिकायत की जाती है, तो विभागीय कर्मचारी केवल आश्वासन देकर शिकायत को वापस लेने का दबाव बनाते हैं। हर बार अगली बार ऐसा नहीं होगा का भरोसा तो दिया जाता है, लेकिन धरातल पर कोई ठोस सुधार नजर नहीं आ रहा है। बार-बार के इन झूठे आश्वासनों से अब जनता का सब्र टूट रहा है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्षेत्र के सूरज कानेड़े, जयपाल सेन, दयाशंकर पाल और अन्य निवासियों ने इस मामले की जानकारी खंडवा कलेक्टर और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी भेज दी है ताकि इस अघोषित कटौती से उन्हें जल्द राहत मिल सके।